दिल्ली विकास प्राधिकरण

जूनियर इंजीनियर (सिविल) एवं जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रीकल/मेकैनिकल) के पदों हेतु भर्ती

विज्ञापन सं. 03/2022/रिक्रूटमेन्ट सेल/पर्सोनल/डीडीए

सूचना

माननीय प्रंसिपल बेंच, सीएटी द्वारा ओ.ए. 1741/2022 और उससे मिलते जुलते दूसरे ओ.ए. में पारित दिनांक 01.12.2022 के निर्णय के अनुसरण में, भर्ती अधिसूचना सं. 03/2022/रिक्रूटमेन्ट सेल/पर्सोनल/डीडीए के पृष्ठ 05 पर ***जूनियर इंजीनियर (सिविल) [पद कोड–2] एवं जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट./मेके.) [पद कोड–03] पद हेतु** शीर्षक वाली पदों और योग्यताओं के विवरण की तालिका के नीचे दिखाए नोट को वापिस ले लिया गया है और सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म जमा करने के लिए आवेदन पोर्टल को प्रभावी तिथि 04.02.2023 से 18.02.2023 (15 दिन) पुनः खोला जा रहा है। तथापि, पात्रता निर्धारण करने के लिए निर्धारित तिथि, जोकि **10.07.2022 (अपराह्न 06.00 बजे)** है, यथावत रहेगी।

ऐसे पात्र अभ्यर्थियों, जो पहले ही फिजिकल रूप में आवेदन पहले ही कर चुके हैं और आवेदन शुल्क, यदि कोई हों, का विधिवत भुगतान कर चुके हैं, तो ऐसे पात्र आवेदक ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर एक्सेस पाने के लिए की सुविधा के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड का सृजन उनके द्वारा फिजिकल आवेदन फार्म में उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर किया जाएगा तथा जिसकी सूचना उनको उनकी मेल आईडी पर दी जाएगी।

किसी प्रकार के संदेह के निवारण हेतु, यह स्पष्ट किया जाता है कि वे व्यक्ति, जो सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक/बी.ई. की डिग्री के धारक हैं, जे.ई. (सिविल) के लिए पात्र होंगे और वे व्यक्ति, जो इलेक्ट्रीकल/मेकैनिकल इंजीनियरिंग में उक्त डिग्री के धारक हैं, जे.ई. (ई/एम) के लिए पात्र होंगे। ऐसे सभी व्यक्ति, जो पत्रता शर्तें पूरी करते हैं और जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है, से उपरोक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

कृपया नोट करें कि आवेदन फार्म में असत्य और झूठा विवरण प्रस्तुत करना अथवा महत्वपूर्ण जानकारी छुपाने पर अभ्यर्थी का आवेदन को किसी भी चरण में निरस्त किए जाने का भागी होगा।

उपरोक्त भर्ती अधिसूचना में उल्लिखित अन्य निबंधन और शर्तें यथावत रहेंगी।

आयुक्त (कार्मिक)

@ddaofficial @official dda पर हमें फॉलो करें

"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखिए या 1800110332 टोल फ्री नं. डायल करें"